हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार, 6 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 21.7 डिग्री
न्यूनतम 3.5 डिग्री

11 वन हेल्थ की अवधारणा आज वैश्विक स्तर पर अत्यंत जरूरी

12 'द अनंत्या स्कूल' शिक्षा उत्कृष्टता की नई पहचान


## कैबिनेट मंत्री पंवार के सामने ही मेयर पोपली ने सुनाया दुखड़ा, जन स्वास्थ्य विभाग पर आरोप

# अधिकारी फोन उठाते नहीं मुझे होना पड़ता है शर्मिंदा

### नहीं चलेगी अधिकारियों की मनमर्जी, गैर हाजिर रहे तो कार्रवाई निश्चित : कृष्णलाल पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की मासिक बैठक शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार के सख्त रवैये के साथ शुरू हुई। बैठक में आते ही मंत्री ने अधिकारियों से सवाल कर डाला कि कौन कौन अधिकारी बिना बताए अनुपस्थित है और उनके अधीनस्थ आए हैं, वे खड़े हो जाएं। मंत्री ने कहा कि अधिकारियों को बैठक में आना होगा और यदि कोई जरूरी या अदालती काम है तो उपायुक्त से परमिशन लेकर जाएं, अन्यथा दादागिरी नहीं चलेगी। बैठक के दौरान मंत्री ने जहां सख्य रवैया अपनाया वहीं अधिकारी अपने चिरपरिचित अंदाज में टाल-मटोल करते रहे। एक बारगी तो मेयर प्रवीण पोपली को भी कहना पड़ा कि जन स्वास्थ्य विभाग वाले तो फोन भी नहीं उठाते, 20 फोन करो तो भी जवाब नहीं, मैं शिकायतकर्ताओं के साथ हूं क्योंकि इन अधिकारियों की वजह से मुझे शर्मिंदा होना पड़ता है। बैठक में कुल 15 शिकायतों पर सुनवाई हुई, जिनमें से चार नई व 11 शिकायतें पिछली बैठकों से लंबित थी।


हिसार। जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक की अध्यक्षता कर नागरिकों की समस्या सुनते कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार।

### जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर आरोप

बैठक के दौरान महाबीर कॉलोनी निवासी राजाराम व अन्य निवासियों की शिकायत पर उस समय अजीब स्थिति पैदा हो गई जब मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि क्षेत्रवासियों की सीवरेज बंद होने की शिकायत पूरी तरह से सही है। जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी फोन तक उठाते, हमें खुद शर्मिंदा होना पड़ता है। अधिकारी सफाई देते रहे लेकिन मंत्री व उपायुक्त ने कहा कि उन्हें नागरिकों की सुननी चाहिए, साफ सुथरा वातावरण देना हमारा कर्तव्य है। इसके साथ ही मंत्री ने पहले चरण में टेंपरेरी व बाद में टेंडर व अन्य परिक्रिया होने उपरांत समस्या के स्थाई समाधान के निर्देश दिए।

### अधिकारी नियमानुसार कार्य करने के निर्देश

सुलतानपुर निवासी किसान नरेश कुमार शिकायत पर मंत्री ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार सही काम करने के निर्देश दिए। मंत्री के सामने ही शिकायतकर्ता ने अधिकारियों पर अनेक आरोप लगाए। बाद में मंत्री ने मामला हांसी के एसडीएम को जांच के लिए सौंप दिया।

### जलघर का मामला छाया

बालसमंद निवासी रामपाल व अन्य ग्रामीणों द्वारा जलघर से शुद्ध पानी सप्लाई न होने, साथ लगती जोहड़ी का पानी मिलने व अन्य अनियमितताओं की शिकायत पर मंत्री ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को यहां तक कह डाला कि आदमपुर को उन्होंने गोद ले रखा है, वे कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने जन परिवाद समिति के सदस्य को साथ लेकर दोनों जलघरों की सफाई करवाने, उनके फिल्टर साफ करवाने व आसपास से अवैध कब्जे हटवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

### एसडीएम को दिए जांच के निर्देश

अर्बन एस्टेट निवासी ज्ञान चंद गोयल की शिकायत पर मंत्री ने मृतक को जिंदा दिखाकर व उनका मृत्यु प्रमाण पत्र पेश करके जमीन की फर्जी रजिस्ट्री करवाने के मामले में पुलिस को केस दर्ज करने के निर्देश दिए। हालांकि पुलिस ने कहा कि मामला पारिवारिक जमीन से जुड़ा है लेकिन मंत्री ने कहा कि जो भी हो, शिकायतकर्ता की शिकायत ये भी है कि उनके जानकारों की जमीन एक बार तो मृतक को जीवित दिखाकर तथा दो तीन बार उसके फर्जी वारिस दिखाकर नाम करवा ली गई। इस पर मंत्री ने फर्जीवाड़ा करने वालों पर केस दर्ज के निर्देश दिए। बरवाला निवासी रोहताश गुप्ता की जमीन को किसी और के नाम दर्शाने के मामले में मंत्री ने एसडीएम बरवाला को जांच करने के निर्देश दिए।

### गोल्ड सुक मामले को फिर लंबित रखा

पिछले काफी समय से चर्चा का विषय बने शहर के ऐरन गोल्ड सुक मामले में अजीबो गरीब स्थिति पैदा हो गई। शिकायतकर्ता ने जहां सारे आरोप गोल्ड सुक पर ही जड़े वहीं मौके पर उपस्थित गोल्ड सुक के निदेशक व अन्य ने कहा कि वे प्रोजेक्ट को पूरा करना चाहते हैं लेकिन कुछ लोग इसमें अड़चन लगा रहे हैं। मंत्री ने पूरे मामले को सुनने उपरांत फर्जी हस्ताक्षर मामले की रिपोर्ट लेने के निर्देश देते हुए इसे फिर से लंबित रखने को कहा।

### मंत्री ने किया शिकायतकर्ता का धन्यवाद

बैठक के दौरान मंत्री ने एक शिकायतकर्ता का विशेष तौर पर धन्यवाद किया। वास्तव में कैमरी रोड निवासी शिकायकर्ता गगनदीप ने बैठक में उपस्थित होकर बताया कि उसकी समस्या का समाधान हो गया है और वह कोई कार्रवाई नहीं चाहता। इस पर मंत्री ने कहा कि भाई धन्यवाद, आपने आकर बताया तो सही कि समाधान हो गया। बैठक के दौरान मंत्री ने आदमपुर के रविदास नगर के निवासियों को राहत देते हुए कहा कि उनके मकान नहीं टूटेंगे।

## खबर संक्षेप

### आरोपी ने रिमांड के दौरान कबूली लूट की वारदात

**हिसार।** मंगाली चौकी पुलिस द्वारा लूट की वारदात में पकड़े गए आरोपी भिवानी जिले के दुल्हेड़ी निवासी कुलदीप उर्फ गोधू ने रिमांड के दौरान लूट की ही एक और वारदात कबूली है। रिमांड के दौरान पुलिस जांच में आने आया कि आरोपी ने अपने साथियों सहित 1 दिसंबर की रात में को भिवानी के रिवासा की ढाणी और गांव रिवासा के बीच बाइक सवार दो व्यक्तियों से पैसे और मोबाइल फोन लूटे थे। मंगाली चौकी प्रभारी एएसआई संदीप कुमार ने बताया कि गत दो दिसंबर को पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि मंगाली कुटिया के पास सातरोड खुर्द निवासी हिमांशु के साथ लूट की वारदात हुई है।

### छात्रों को पराली प्रबंधन बारे किया जागरूक

**हिसार।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, शिकारपुर में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र सदलपुर से आए प्रोफेसर डॉ. ओपी नेहरा, डॉ. कुलदीप व डॉ. पंकज ने खेतों में पराली प्रबंधन को लेकर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि पराली किसानों के लिए समस्या नहीं है अपितु एक पूंजी है। कार्यक्रम के अंत में सविता कुमारी ने कृषि विज्ञान केंद्र सदलपुर से आए कृषि वैज्ञानिकों का आभार प्रकट किया।

### जीवन एक उत्सव विषय पर ध्यान सत्र कल

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 7 दिसंबर को जीवन एक उत्सव विषय पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। ध्यान सत्र में जीवन के विविध आयामों पर चर्चा की जाएगी। ध्यान सत्र के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि ध्यान सत्र के उपरांत ओशो ध्यान उपवन में 10 व 11 दिसंबर को आयोजित किए जाने वाले दो दिवसीय मेडिटेशन कैंप व ओशो जन्मोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही साधकों को ओशो जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने एवं अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया जाएगा।

### उपमंडल अधिकारी के खिलाफ जताया रोष

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन की बालसमंद सब यूनिट ने शुक्रवार को उपमंडल अधिकारी बालसमंद के खिलाफ गेट मीटिंग करके रोष प्रदर्शन किया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान विरेंद्र खट्टर ने की तथा संचालन सचिव सुरेंद्र सिंह ने किया। गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए सर्कल सचिव ओमप्रकाश वर्मा, यूनिट प्रधान बिजेंद्र पूनिया व यूनिट सचिव रमेश सातरोडिया ने बताया कि उपमंडल अधिकारी कुछ कर्मचारियों के बहकावे में आकर कार्य कर रहे हैं।


हिसार। खिलाड़ियों के साथ उपस्थित कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा।

### खेल नीति ने बदला खिलाड़ियों का भविष्य

**हिसार।** लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने शुक्रवार को पांच दिवसीय 69वीं नेशनल लेवल स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में देश के कई राज्यों से आए हुए युवा क्रिकेटर भाग ले रहे हैं। अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि स्कूली स्तर पर होने वाली ऐसी प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों के भविष्य को दिशा देती हैं और उन्हें बड़े मंचों के लिए तैयार करती हैं। उन्होंने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अध्यापकों का स्वागत करते हुए कहा कि हिसार के लिए यह गर्व की बात है कि उसे इस नेशनल प्रतियोगिता की मेजबानी करने का अवसर मिला है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आज हरियाणा खेलों में देश ही नहीं, बल्कि दुनिया में अपना अलग स्थान बना चुका है। राज्य सरकार की मजबूत और पारदर्शी खेल नीति ने खिलाड़ियों का भविष्य बदलने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की यही खेल नीति है जिसकी वजह से हरियाणा के खिलाड़ी कॉमनवेल्थ, एशियाड और ओलंपिक जैसे विश्वस्तरीय आयोजनों में लगातार मेडल जीतकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

### पिकअप और ट्रक की टक्कर में एक घायल

**हांसी।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित केसी फार्म हाउस के समीप शुक्रवार सुबह एक ट्रक और पिकअप के बीच हुई भिड़ंत में पिकअप चालक घायल हो गया। हादसे के बाद राहगीरों ने चालक को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है। हादसे के बाद राजमार्ग पर कुछ समय के लिए जाम लग गया। वहीं हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पिकअप को सड़क से हटाकर यातायात सुचारू करवाया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से अपने वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस ने घायल पिकअप चालक ज्ञान सिंह की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान के भरतपुर निवासी पिकअप चालक ज्ञान सिंह ने बताया कि वह बिलासपुर से कोरियर का सामान लेकर हिसार की ओर लेकर जा रहे था और केसी फॉर्म के पास उनकी गाड़ी के आगे एक ट्रक और उससे आगे एक दुल्हन की डोली वाली कार चल रही थी।




## असंतुलित होकर सड़क से उतरी रोडवेज बस, बाल-बाल बचे यात्री

■ चालक ने सूझबूझ से बस को रोककर बचाई यात्रियों की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिले के गांव धांसू-सुलखनी रोड पर रोडवेज की बस अचानक असंतुलित होकर सड़क से नीचे उतर गई। यह बस घिराय से हिसार आ रही थी। चालक ने सूझबूझ से बस को नियंत्रित कर लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों ने बताया कि घटना धांसू–सुलखनी मार्ग पर उस स्थान के पास हुई, जहां पिछले महीनों में हुई भारी बारिश के कारण आसपास का क्षेत्र अभी भी जलमग्न और दलदली बना हुआ है। पिछले दिनों हुई तेज बारिश के बाद इस इलाके में पानी लंबे समय से भरा हुआ है, जिससे आसपास की भूमि सेमग्रस्त हो चुकी है। सड़क से थोड़ा नीचे उतरते ही वाहन दलदल में धंस जाते हैं। शुक्रवार दोपहर को रोडवेज बस घिराय से हिसार की ओर जा रही थी। इसी दौरान बस चालक ने आगे चल रहे एक वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया लेकिन सड़क किनारे की मिट्टी दलदली होने के कारण बस अचानक फिसलकर नीचे खेतों की ओर उतर गई और वहीं फंस गई। बस के झुकते ही यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई, हालांकि चालक ने तुरंत बस को रोककर सभी को सुरक्षित बचा लिया। यात्रियों ने बताया कि बस के जमीन में धंसते ही उन्हें लगा कि कहीं बस पलट न जाए, लेकिन चालक की समझदारी से बड़ा हादसा टल गया।

### पुलिस ने ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के दौरान 20 आरोपी काबू

**हांसी।** विशेष ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत अवैध गतिविधियों पर लगातार शिकंजा कसते हुए अभियान के दौरान 3 नशा तस्कर व एनडीपीएस एक्ट में वांछित अपचारी बालक को गिरफ्तार किया गया है वहीं आर्म्स एक्ट में आरोपी काबू व 10700 रुपये के साथ 5 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ 57,500 के साथ तीन सटोरिए, 43 बोतल अवैध शराब के साथ तीन व 218 ग्राम अफीम के साथ दो आरोपियों तथा 2.5 लीटर कच्ची शराब व 150 लीटर लाहन मामले में वांछित महिला आरोपी गिरफ्तार किया है। इसके अलावा सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते 1 व्यक्ति को काबू किया गया तथा कापड़ो गांव में सर्चिंग अभियान के दौरान 100 लीटर लाहन बरामद किया गया। पुलिस द्वारा ऐसे निरंतर अभियानों के माध्यम से नशा, जुआ, अवैध हथियार तथा शराब माफिया के खिलाफ जीरो टोलरेंस नीति अपनाते हुए कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है।

### सफाई कर्मचारियों ने शुरू की भूख हड़ताल

**नारनौंद।** नगर पालिका नारनौद में छठे दिन भी सफाई कर्मचारीयों की भुख हड़ताल जारी रहीं। मांगों को लेकर 11 कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठे। धरने को समर्थन देने के लिए व्यापार मंडल के प्रधान प्रदीप ढांडा के नेतृत्व में सैकड़ो व्यापारी समर्थन देने के लिए पहुंचे। तीन पार्षदों ने भी समर्थन देकर इनको जल्द नौकरी पर रखने की मांग की। धरने की अध्यक्षता पूर्व प्रधान नरेश ने की। मंच संचालन प्रदीप लोट ने किया। व्यापार मंडल प्रधान प्रदीप ढांडा और उप प्रधान हर्ष पेटवाड़ ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के दौरान इन सफाई कर्मचारियों को नौकरी पर रखा गया था और शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से दुरुस्त की गई थी लेकिन अब इन कर्मचारियों के हटने से सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है।




**कार्यक्रम** हकृवि द्वारा विश्व मृदा दिवस पर गांव चिड़ोद में कार्यक्रम आयोजित

# मृदा स्वास्थ्य के लिए रासायनिक उर्वरकों का सीमित मात्रा में प्रयोग करें : प्रो. काम्बोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा जिले के गांव चिड़ोद में विश्व मृदा दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मृदा विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मृदा स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए फसल अवशेष प्रबंधन को बढ़ावा देना जरूरी है। फसल अवशेषों के माध्यम से भूमि की उर्वरा शक्ति में बढ़ोतरी होती है जिससे फसल उत्पादन में भी इजाफा होता है।

उन्होंने कहा कि मृदा स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए किसान रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों का सीमित मात्रा में प्रयोग करें। मृदा विज्ञान विभाग द्वारा किसानों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में विजेता किसानों को कुलपति ने सम्मानित किया। किसानों में वेद प्रकाश, नरेश कुमार, मनोज कुमार, जयप्रकाश, रामस्वरूप, बलवान सिंह तथा कर्मवीर शामिल हैं।


हिसार। विजेता किसानों को पुरस्कृत करते कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव, डॉ. दिनेश तोमर, डॉ. निरंजन यादव, डॉ. रमेश फागना, डॉ. रोहताश, डॉ. रामप्रकाश, डॉ. अनिल सिरोहा, डॉ. कृष्ण भारद्वाज, डॉ. जितेन्द्र भाटिया, डॉ. ओपी बिश्नोई, डॉ. सीमा श्योराण आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सबमर्सिबल की चोरी मामले में एक और काबू

**हांसी।** सदर थाना पुलिस सबमर्सिबल की तार चोरी के मामले में दूसरे आरोपी जींद जिले के रामराय निवासी मंदीप को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही बलजीत ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने एक दिसंबर को अपने दोस्त के साथ मिलकर गांव गगन खेड़ी निवासी श्याम सिंह के खेत से सबमर्सिबल पर लगी तार चोरी कर ली थी।

### बाबा बालक नाथ मंदिर में फिजियोथेरपी कैंप 7 को

**हिसार।** तरसेम नगर स्थित सिद्ध बाबा बालक नाथ एवं दुर्गा माता मंदिर में 7 दिसंबर रविवार को फिजियोथैरेपी कैंप का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के मुख्य सेवक रामचरण गुप्ता ने बताया कि रविवार को मंदिर प्रांगण में सुबह 9:30 बजे से 3:30 बजे तक फिजियोथैरेपी का निशुल्क कैंप लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कैंप में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा शिविर में आने वाले लोगों का फ्री इलाज किया जाएगा।

### प्रांत स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता कल

**सिवानी मंडी।** भारत विकास परिषद शाखा सिवानी द्वारा प्रांत स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन 7 दिसंबर को शहर के अग्रसेन भवन में आयोजित किया जाएगा। शाखा अध्यक्ष सांवरमल बंसल ने बताया कि प्रदेश भर में जिला स्तर पर अव्वल रहने वाले स्कूल बच्चे इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

### पवन अग्रवाल बने श्री कृष्ण गोशाला के प्रधान

**सिवानी मंडी।** शहर के तोशाम रोड़ स्थित श्री कृष्ण गोशाला में शुक्रवार को नवनियुक्त कार्यकारिणी गठित करने के लिए गोशाला कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पिछले करीब 13 वर्षों से लगातार प्रधान पद पर रह चुके अजीत बंसल ने की। बैठक में आपसी भाईचारा, सेवाभाव से कुशल नेतृत्व पर मंथन करने के बाद पवन अग्रवाल को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया।

### किसानों के विरोध के आगे झुका बिजली निगम

**सिवानी मंडी।** किसान सभा की चेतावनी और सांकेतिक आंदोलन के बाद आखिरकार विद्युत निगम को झुकना पड़ा। मंढोली फीडर की नलकूप बिजली आपूर्ति अब तीन शिफ्ट में शुरू कर दी गई है। इससे क्षेत्र के किसानों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले किसान सभा के नेतृत्व में मंढोली फीडर के किसानों ने पावर हाउस पर सांकेतिक धरना देकर निगम को ज्ञापन सौंपा था और निर्धारित समय में व्यवस्था सुधारने की चेतावनी दी थी।

### सामाजिक विषयों पर नाटिका का आयोजन

**हिसार।** नागोरी गेट स्थित एचकेएसडी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा छठी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न सामाजिक विषयों सोशल, फोबिया, स्वच्छता, शिक्षा की महत्ता व घरेलू हिंसा जैसे ज्वलंत विषयों पर अंग्रेजी में प्ले आयोजित किए गए, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने उपर्युक्त विषयों पर समस्या एवं समाधान को बखूबी प्रस्तुत किया। स्कूल की प्राचार्या रेनु मल्होत्रा ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

### कानूनी साक्षरता कार्यक्रम में प्रतियोगिताएं आयोजित

**हिसार।** खंड हिसार 2 का कानूनी साक्षरता कार्यक्रम राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हिसार में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी अनिल नेहरा ने की तथा कार्यक्रम के संयोजक विनोद धवन रहे। कार्यक्रम के तहत 10 तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें निबंध लेखन, पेंटिंग, भाषण, कविता गायन, डिबेट, प्रश्नोतरी व पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन आदि रही। कार्यक्रम की इंचार्ज पूनम नागपाल व कविता जांगड़ा ने बताया कि जो टीमें आज प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही, वे 9 दिसंबर को जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेंगी।

---

डॉ. प्रवीण मलिक ने क्लाइमेट चेंज के बढ़ते प्रभाव पर चिंता जताई

# वन हेल्थ की अवधारणा आज वैश्विक स्तर पर अत्यंत जरूरी

**लुवास में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न**



हिसार। सम्मानित करते पशुपालन आयुक्त डॉ. प्रवीण मलिक व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लाला लाजपत राय पशु-चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) में आयोजित तीन दिवसीय सोसाइटी फॉर वेटरनरी साइंसेज एंड बायोटेक्नोलॉजी (एसवीएसबीटी) के 12वें वार्षिक अधिवेशन एवं "ब्रिजिंग साइंस एंड सोसाइटी : बायोटेक्नोलॉजी फॉर सस्टेनेबल वन हेल्थ" अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन वेटरनरी ऑडिटोरियम में हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के पशुपालन आयुक्त डॉ. प्रवीण मलिक उपस्थित रहे। उन्होंने सम्मेलन के सफल आयोजन पर विश्वविद्यालय को बधाई देते हुए कहा कि वन हेल्थ की अवधारणा आज वैश्विक स्तर पर अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि मानव, पशु और पर्यावरण तीनों की सेहत एक-दूसरे पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि पशुओं में संक्रामक रोगों की रोकथाम, जैव-सुरक्षा तथा वैज्ञानिक अनुसंधान टिकाऊ स्वास्थ्य व्यवस्था की आधारशिला हैं।

डॉ. मलिक ने जलवायु परिवर्तन (क्लाइमेट चेंज) के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बदलता मौसम पशुपालन और कृषि दोनों को प्रभावित कर रहा है।

उन्होंने वैज्ञानिकों द्वारा जलवायु परिवर्तन संबंधी चुनौतियों पर हुई चर्चाओं की सराहना की और सुझाव दिया कि पर्यावरण संरक्षण व्यक्तिगत प्रयासों से ही संभव है। प्रदूषण कम करने के लिए निजी वाहनों की बजाय सार्वजनिक परिवहन का उपयोग बढ़ाना चाहिए तथा इलेक्ट्रिक वाहनों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

**मूल्यवान शोध व अनुभव साझा किए**

समारोह में सर्वप्रथम पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. मनोज रोज ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस दौरान अनुसंधान निदेशक डॉ. नरेश जिंदल ने कहा कि देश-विदेश से आए वैज्ञानिकों, शोधार्थियों और विशेषज्ञों ने पशु स्वास्थ्य, बायोटेक्नोलॉजी तथा वन हेल्थ से जुड़े मुद्दों पर अपने मूल्यवान शोध और अनुभव साझा किए, जिससे वैज्ञानिक समुदाय को नई दिशा मिली है। आयोजन सचिव एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सुशीला मान ने बताया कि सम्मेलन में कुल 198 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। कुल 240 वैज्ञानिक प्रस्तुतियां हुईं, 9 थीमैटिक सत्र, 1 प्लेनरी सत्र, 27 लीड टॉक्स, 87 मौखिक प्रस्तुतियां, 80 पोस्टर प्रस्तुतियां, नाइजीरिया, यूएसए और जापान सहित कई देशों के विशेषज्ञ शामिल रहे। एसवीएसबीटी के 12वें वार्षिक अधिवेशन एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश से आए वैज्ञानिकों, शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विशेषज्ञों ने विविध विषयों पर अपने उत्कृष्ट शोध कार्य प्रस्तुत किए। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

---

# वाटर टैंक ओवरफ्लो, सड़क तक पहुंचा पानी

- जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी के कार्यालय तक पहुंचा पानी, अधिकारी अनजान
- लोगों ने लापरवाही करने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी


हांसी। जनस्वास्थ्य विभाग के टेंक से ओवरफ्लो होकर सड़क तक आया पानी और पानी में मिला सड़क किनारे पड़ा हुआ कचरा।

जींद रोड स्थित जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग का मुख्य वाटर टैंक शुक्रवार को ओवरफ्लो हो गया। ओवरफ्लो हुआ पानी टैंक की बाउंड्री को पार कर मुख्य सड़क तक पहुंच गया। इसके चलते वाटर वर्क्स के पास स्थित गोदामों और फैक्ट्रियों की दीवारों तक भी पानी पहुंचने से स्थानीय उद्योगपतियों में चिंता का माहौल व्याप्त है। घटना के समय पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट के एक्सईएन संजीव त्यागी को इसकी जानकारी नहीं थी, जबकि टैंक का पानी ओवरफ्लो होकर उनके कार्यालय के प्रवेश द्वार तक पहुंच चुका था। उन्होंने बताया कि टैंक में पानी नहर में टेल तक पहुंचने के बाद ही भरना शुरू किया जाता है। त्यागी ने कहा कि उन्हें टैंक ओवरफ्लो होने का पता नहीं चला। उन्होंने कहा कि अब कर्मचारियों को नहर पर से पानी बंद करने के निर्देश दिए गए हैं।

**लोगों ने जताई नाराजगी**

अनाज मंडी व उसके आसपास रहने वाले नागरिकों ने विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि इस घटना से जहां लाखों लीटर पानी बर्बाद हो गया। वहीं लोगों ने आशंका जताई कि गंदगी मिला यह पानी शहर को की जाने वाली सप्लाई में जा सकता है। उन्होंने प्रशासन से इस मामले की जांच और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करें।

### भाजपा नेता रामनिवास राड़ा सैनी भ्रातृशोक

**हिसार।** वरिष्ठ भाजपा नेता रामनिवास राड़ा सैनी के बड़े भाई बुधराम राड़ा का शुक्रवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वे 82 वर्ष के थे। रामनिवास राड़ा ने बताया कि उनकी अंतिम यात्रा मोहल्ला सैनियान में रामलीला चौक पर स्थित आवास से चलकर ऋषि नगर स्थित श्मशान भूमि पहुंची। उनकी शोक सभा 6 दिसंबर से 15 दिसम्बर तक मोहल्ला सैनियान स्थित आवास पर रहेगी। रामनिवास राड़ा ने बताया कि उनके भाई की हमेशा धार्मिक व सामाजिक कार्यों में विशेष रूचि रहती थी।



## न्यूज डायरी

### पुलिस ने एसडी की छात्राओं को किया जागरूक

**हांसी।** महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सरोज के नेतृत्व में शुक्रवार को सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में एक महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली, उपलब्ध सुविधाओं और महिला अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी देना था। इंस्पेक्टर सरोज ने वन स्टॉप सेंटर की भूमिका स्पष्ट करते हुए बताया कि यह महिलाओं के विरुद्ध अपराध की स्थिति में त्वरित सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने की एक महत्वपूर्ण पहल है।

### पूर्व मंत्री ने जताया मुख्यमंत्री का आभार



**हिसार।** शहर की यातायात समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए प्रदेश सरकार ने सिटी थाना के पास प्रस्तावित मल्टी स्टोरी पार्किंग परियोजना को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस निर्णय पर पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने इसे स्वागत योग्य और ऐतिहासिक कदम बताते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2014 में विधायक बनने के तुरंत बाद उन्होंने शहर की बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए इस परियोजना का विस्तृत प्रस्ताव तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष रखा था।

### मोक्ष धाम में भगवान शिव की 51 फुट की लगेगी मूर्ति

**हिसार।** शिव शक्ति सेवा समिति के तत्वावधान में सर्व समाज मोक्ष धाम, 12 क्वार्टर रोड़ में महंत तुरन्त पुरी महाराज जूना अखाड़ा, उज्जैन के आशीर्वाद से भगवान शिव की 51 फुट ऊंची विशालकाय मूर्ति लगाने के लिए भूमि पूजन किया गया। अनेक सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं से जुड़े समाजसेवी सुरेश चंद जैन, सिसाये वाले की अध्यक्षता में हुए भूमि पूजन में मुख्य अतिथि के रुप में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के पुत्र संजीव गंगवा पहुंचे।



### ससुराल के गांवों में भरा पानी नहीं निकाल पाए मंत्री : दुष्यंत

**हिसार।** पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला ने कहा है कि प्रदेश सरकार में मंत्री ही अपनी ससुराल के गांवों में भरा पानी अभी तक नहीं निकाल पाए हैं। इससे सरकार की किसानों के प्रति उदासीनता व संवेदनहीनता स्पष्ट है। दुष्यंत चौटाला गुरुवार को अपने आवास पर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश की जनता से अपील की कि आज प्रदेश में बदलाव लाने के लिए जजपा का साथ दे और स्थापना दिवस समारोह में भारी संख्या में शामिल होकर सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ महाहुंकार भर जुलाना रैली को कामयाब बनाएं। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने हिसार में अनेक कार्यक्रमों में शिरकत की। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन राजेंद्र लितानी, जिलाध्यक्ष अमित बूरा, अनिल बालकिया, कर्ण सिंह देपल, अजीत, राजेन्द्र सौरखी, मास्टर तारा चंद, राजेश झाझडिया, रवि आहूजा आदि रहे।

### सुरेंद्र सिंह को एएसआई पदोन्नत होने पर एसपी ने दी बधाई



**हिसार।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने जिला पुलिस में कार्यरत मुख्य सिपाही सुरेंद्र सिंह को सहायक उप निरीक्षक पदोन्नत कर कंधे पर स्टार लगा सम्मानित किया। पुलिस प्रवक्ता ने बतलाया कि जिला पुलिस में तैनात मुख्य सिपाही सुरेंद्र सिंह को सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) के पद पर पदोन्नति पाने पर पुलिस कप्तान ने कंधे पर स्टार लगाकर हार्दिक बंधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। एएसआई सुरेंद्र सिंह 28 नवंबर 2003 को पुलिस विभाग में सिपाही पद पर भर्ती हुए और पुलिस विभाग में अपने कार्य के प्रति समर्पित रहते हुए पदोन्नति पाकर सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) के पद तक पहुंचे है।



### निर्मित शौचालय नागरिक अस्पताल को किया हेंडओवर

**हिसार।** जिले के महाराजा अग्रसेन नागरिक अस्पताल में वार्ड 5 के पास नगर निगम की ओर से निर्मित शौचालय औपचारिक रूप से अस्पताल प्रशासन को हेंडओवर कर दिया गया। यह शौचालय अस्पताल के बढ़ते मरीजों और उनके परिजनों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। हस्तांतरण प्रक्रिया के दौरान नगर निगम की ओर से जेई विकास पूनिया और तकनीकी विशेषज्ञ जसबीर कुंडू उपस्थित रहे जबकि अस्पताल प्रशासन की ओर से डॉ. प्रभुदयाल ने टीम के साथ मिलकर नवनिर्मित शौचालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद दोनों विभागों ने मिलकर संरचना, निर्माण गुणवत्ता, स्वच्छता प्रबंधन और उपयोग से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की। सभी आवश्यक पहलुओं की समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया कि अब इस शौचालय की देखरेख और दैनिक प्रबंधन की पूरी जिम्मेदारी अस्पताल प्रशासन संभालेगा।




### एसडी मॉडर्न स्कूल के कराटे खिलाड़ी छाए

**हांसी।** एमएम इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित 8वीं इंटर स्कूल कराटे चैंपियनशिप में एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय ट्रॉफी हासिल की। प्रतियोगिता में विद्यालय के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों आराध्या, गीतांजलि, वेदिक, विहान ने स्वर्ण पदक, अमीषा, प्रतिभा, आकाश, अरमान व राधिका ने रजत पदक तथा धान्या व दिशू ने कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय प्राचार्या ऋतु सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन से यह सफलता प्राप्त की है। कराटे जैसी खेल गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास, एकाग्रता और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देती हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति प्रधान सज्जन कुमार अग्रवाल, मैनेजर नकुल अग्रवाल, कैशियर चंद्रभान गर्ग एवं सेक्रेटरी रजत अग्रवाल ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी है।

---

# 'मृदा' प्राकृति का बहुमूल्य उपहार

- स्वास्थ्य शहरों के लिए स्वस्थ मिट्टी' पर ओएसजीयू में मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। ओएसजीयू में प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथिगण।

ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में विश्व मृदा दिवस के उपलक्ष्य में एग्रीकल्चर विभाग के द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय स्वस्थ शहरों के लिए स्वस्थ मिट्टी था। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ पुनीत गोयल व प्रो चांसलर डॉ पुनम गोयल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए संदेश दिए कि प्रकृति ने हमें जो सबसे बहुमूल्य उपहार दिया है, वह है 'मृदा'। धरती हमें भोजन, वस्त्र और आश्रय प्रदान करती है। कार्यक्रम में डॉ. राजेंद्र प्रसाद एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय, पूसा, बिहार के सहायक प्राध्यापिका डॉ. ममता खपियर ने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। व्याख्यान में कुल 140 छात्रों की उपस्थिति रहे। कार्यक्रम के दौरान एक विशाल मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें 70 छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए शहरी खेती, ग्रीन सिटी, कम्युनिटी गार्डन, रूफटॉप गार्डन, मृदा संरक्षण, किचन गार्डनिंग और वर्मी कंपोस्टिंग से संबंधित 14 विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किए।

**हीना और आंचल ने मारी बाजी**

विवि के कुलपति डॉ एन पी कौशिक, प्रति कुलपति डॉ राजेंद्र सिंह छिल्लर व विद्यार्थी कल्याण के डीन डॉ राकेश धीमान उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में बीएससी एग्रीकल्चर के तृतीय वर्ष की हीना और आंचल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 'मृदा संरक्षण' मॉडल के लिए मनोज और माधव को दूसरा स्थान मिला, जबकि 'कम्युनिटी गार्डन' मॉडल के लिए माही और निखिल ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रदर्शनी में निर्णायक की भूमिका डॉ. सुनील बैंदा ने अदा करते हुए निष्पक्ष फैसला सुनाया। एग्रीकल्चर विभाग के डीन डॉ. पवित्रा ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य कि कामना की।


हिसार। दिल्ली में बैठक में ऑस्ट्रेलियन प्रतिनिधि मंडल के रूपेश सिंह को सम्मानित करते गुजवि कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

### ऑस्ट्रेलियन शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधिमंडल के साथ गुजवि ने की बैठक

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने ऑस्ट्रेलियन विश्वविद्यालयों के साथ शिक्षण व शोध के क्षेत्र में मिलकर कार्य करने की संभावनाओं को तलाशा है। इस संबंध में कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि मंडल ने ऑस्ट्रेलिया के प्रतिनिधिमंडल के साथ दिल्ली में एक बैठक की है। गुजवि के प्रतिनिधिमंडल में कुलपति के तकनीकी सलाहकार (प्रशासनिक) प्रो. विनोद छोकर और डीन इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. ओमप्रकाश सांगवान शामिल रहे। ऑस्ट्रेलियन प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व एजुकेशन सेंटर ऑफ ऑस्ट्रेलिया के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) एवं फाउंडर रूपेश सिंह ने किया। उनके साथ ईसीए की एडवाइजरी कमेटी के सदस्य नरेश भी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि इस पहल से न केवल गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए, बल्कि हरियाणा में उच्च शिक्षा के तहत आने वाले दूसरे विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए वैश्विक स्तर पर पढ़ाई के और रास्ते खुलेंगे।



हांसी। रोड सेफ्टी लेवल-2 के लिए चयनित बच्चों का स्वागत करती स्कूल उप-प्रधानाचार्या। फोटो :हरिभूमि

### हैप्पी स्कूल का रोड सेफ्टी लेवल-1 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

**हांसी।** हैप्पी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा और जागरूकता का शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 विद्यार्थियों ने रोड सेफ्टी प्रतियोगिता के लेवल-2 में स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता बच्चों में सड़क सुरक्षा के नियमों, ट्रैफिक संकेतों और सुरक्षित व्यवहार के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की जाती है। स्कूल प्राचार्य व डायरेक्टर सुरेन्द्र बेरवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चों ने ओवरस्पीडिंग के खतरे, हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व, सड़क संकेतों की पहचान, मोबाइल फोन का वाहन चलाते समय उपयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर उत्कृष्ट जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि विद्यालय की कक्षा चौथी से हर्ष, पांचवीं से हर्ष और आशीष का चयन लेवल-2 के लिए हुआ है, जो विद्यालय के लिए गर्व की बात है। डायरेक्टर सुरेन्द्र बेरवाल ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आज की व्यस्त और तेज रफ्तार जीवनशैली में ट्रैफिक नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है।

# जिंदल स्टेनलेस ने एसएलईसीए 2024 में प्रथम पुरस्कार जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। पुरस्कार प्राप्त करते जिंदल स्टेनलेस के प्रतिनिधि।

भारत की सबसे बड़े स्टेनलेस स्टील निर्माता कंपनी जिंदल स्टेनलेस की हिसार यूनिट को स्टेट लेवल एनर्जी कंज़र्वेशन अवॉर्ड्स (एसएलईसीए) 2024 में इनोवेशन/ नई टेक्नोलॉजी/ आरएंडडी परियोजनाएं श्रेणी में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हरियाणा अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (एचएआरईडीए), हरियाणा के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा विभाग ने यह पुरस्कार समारोह आयोजित किया। हरियाणा के अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा) एके सिंह और ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) के उप महानिदेशक डॉ. अशोक कुमार द्वारा यह पुरस्कार प्रदान किया गया।

**हीना और आंचल ने मारी बाजी**

जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने इसपर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि एचएआरईडीए की ओर यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करना हमारे लिए सम्मान की बात है। एसएलईसीए का उद्देश्य ऊर्जा के उचित उपयोग को बढ़ावा देना और उन कंपनियों को प्रोत्साहित करना है जो ऊर्जा संरक्षण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर किए जा रहे प्रयासों के अनुरूप निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं।

---

सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्कूल में नर्सरी से लेकर सीनियर सेकेंडरी तक मिलेगा शिक्षा

# 'द अनंत्या स्कूल' शिक्षा उत्कृष्टता की नई पहचान

**छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए पहल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। जानकारी देते स्कूल निदेशक सतीश कुमार यादव तथा अभिषेक कुमार मिश्रा। फोटो :हरिभूमि

शहर में आईआईटी और नीट की तैयारी करवा हजारों विद्यार्थियों को सफलता के शिखर पर पहुंचाने वाले शिक्षा जगत के जाने-माने नाम सतीश कुमार यादव तथा अभिषेक कुमार मिश्रा ने 'द अनंत्या स्कूल' की स्थापना की है।

शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में स्कूल निदेशक यादव व मिश्रा ने अपने लंबे अनुभव और शिक्षा के प्रति समर्पण के आधार पर इस विद्यालय की स्थापना को विद्यार्थियों के भविष्य के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने बताया कि सीबीएसई मान्यता प्राप्त यह विद्यालय नर्सरी से लेकर सीनियर सेकेंडरी तक शिक्षा प्रदान करेगा। आठ एकड़ में फैले विशाल कैंपस में सेंट्रलाइज्ड एसी, आधुनिक कक्षाएं, खेल मैदान, विज्ञान, कंप्यूटर और एआई लैब, समृद्ध लाइब्रेरी तथा सुरक्षित वातावरण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। निदेशकों ने बताया कि विद्यालय की सबसे बड़ी विशेषता यह होगी कि वे स्वयं छात्रों को पढ़ाएंगे, ताकि शिक्षण प्रक्रिया में सीधे जुड़ाव और संवाद स्थापित किया जा सके।

**नवाचार आधारित शिक्षा का वादा**

*स्कूल निदेशक यादव व मिश्रा ने कहा कि वर्तमान दौर में विद्यार्थियों की बुनियादी तैयारी कमजोर होने के कारण आगे चुनौतियां बढ़ जाती हैं। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में फाउंडेशन कोर्स और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी नियमित स्कूलिंग के साथ ही कराई जाएगी, जिसके लिए देश के प्रतिष्ठित शिक्षकों की टीम मार्गदर्शन प्रदान करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि अनंत्या से निकलने वाले विद्यार्थी भविष्य की चुनौतियों का डटकर सामना करेंगे और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।*